an>

Title: Need to take adequate steps for sports promotion in Kushinagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री विजय कुमार दुबे (**कुशीनगर**) **:** माननीय अध्यक्ष जी, आपका धन्यवाद । हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जब से इस देश की कमान अपने हाथ में ली है, तब से उन्होंने खेल और खिलाड़ियों को हमेशा आगे बढ़ाने के मार्ग का प्रोत्साहन किया है ।

माननीय अध्यक्ष जी, 'खेलो इंडिया 'इसी क्रम में एक अभियान है ।उत्तर प्रदेश के मुखिया श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने भी युवक मंगल दल से खेलों को जोड़ते हुए हमेशा प्रोत्साहनदेने का कार्य किया है । यह दुर्भाग्य है कि 60 वर्षों से इस देश का नेतृत्व करने वाले लोगों ने खेल और खिलाड़ियों को हमेशा उपेक्षित रखा । मैं स्वयं इसका उदाहरण हूं । मैं इस देश के किनारे छोर पर बसे कुशीनगर का रहने वाला हूं । ...(व्यवधान) सन् 1980 के दशक में मुझे उत्तर प्रदेश की टीम से खेलने का अवसर मिला था । ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, शून्य काल में पूरा भाषण नहीं देना है । आप बस अपनी मांग उठाइए और बात समाप्त कीजिए ।

... (व्यवधान)

श्री विजय कुमार दुबे : माननीय अध्यक्ष जी, आप सिर्फ आधा मिनट दे दीजिए । ...(व्यवधान) हमारे कुशीनगर में अच्छे प्रशिक्षक, अच्छे स्टेडियम और उच्च कोटि के खेल उपकरणों की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीण अंचल की दबी-छिपी प्रतिभाओं को देश का नेतृत्व करने और नाम रौशन करने का अवसर मिले । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : यह हुई न मांग ।

... (व्यवधान)